दश लक्षण विधान (लघु)

''माण्डला''



बीच में - ॐ
प्रथम कोष्ठ - 8
द्वितीय कोष्ठ - 9
तृतीय कोष्ठ - 9
चतुर्थ कोष्ठ - 9
पंचम कोष्ठ - 10
षष्ठम कोष्ठ - 9
सप्तम कोष्ठ - 12
अष्टम कोष्ठ - 8
नवम कोष्ठ - 7
दशम कोष्ठ - 9
कुल - 90 अर्घ्य

रचयिता :

प. पू. साहित्य रत्नाकर आचार्य श्री विशदसागर जी महाराज

कृति - **दश लक्षण विधान (लघु)**

रचयिता - प. पू. साहित्य रत्नाकर, क्षमामूर्ति
आचार्य श्री 108 विशद सागर जी महाराज

संस्करण - प्रथम-2021, प्रतियाँ - 1000

संकलन - मुनि 108 श्री विशाल सागर जी महाराज

सम्पादन - आर्यिका श्री भक्तिभारती माताजी
क्षुल्लिका श्री वात्सल्य भारती माताजी

सहयोग - क्षुल्लक श्री विसौम सागर जी, ब्र. प्रदीप भैय्या

सम्पादन - ज्योति दीदी-9829076085, आस्था दीदी-9660996425

संयोजन - सपना दीदी-9829127533, आरती दीदी-8700876822

सम्पर्क सूत्र - 1. सुरेश जैन सेठी, शांति नगर, जयपुर - 9413336017
2. महेन्द्र कुमार जैन, सैक्टर-3 रोहिणी - 09810570747
3. हरीश जैन, दिल्ली - 9136248971
4. पदम जैन, रेवाड़ी - 09416888879
5. श्री सरस्वती पेपर स्टोर, चांदी की टकसाल, जयपुर
मो.: 8114417253

पुण्यार्जक :
मा. नमन जैन, नमिश जैन, अनूप जैन, देवांश जैन एवं कु. त्रिशा जैन
के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में
नानी ! दादी श्रीमती सुकेशी जैन पत्नी योगेन्द्र कुमार जैन एडवोकेट
जैन नगर, जी.ग्रा. रोड, एटा परिवार मो.: 9412430661, 9758075873

मुद्रक - बसन्त जैन, श्री सरस्वती प्रिन्टिंग इण्स्ट्रीज, SBI के नीचे, चांदी की टकसाल, जयपुर - मो.: 8114417253, 8561023344
ईमेल : jainbasant02@gmail.com

मूल्य - 70/- रु. मात्र

विशाल हृदय के उद्गार

एक वर्ष में 3 बार माघ चैत्र भादौं में सोलहकारण एवं दशलक्षण पर्व आते हैं। जैन समाज में भादौं के महिने में दशलक्षण का विशेष प्रभाव देखा जाता है। अनेक भक्तगण दश दिन उपवास रखते हैं। कोई पानी मात्र लेकर अथवा अल्प आहार लेकर कोई एकाशन करके दश दिन निकालते हैं। मंदिरों में पूजा पाठ करने वालों की भीड़ हो जाती है। अपने अपने हिसाब से अलग-अलग बैठकर अथवा सामूहिक बैठकर जिनवाणी में से विनय पाठ पूजाएँ आदि करते रहते हैं। इन दिनों अलग-अलग दिन में अलग-अलग पूजाओं की संख्या पर्वों के हिसाब से बढ़ जाती है। आफिस, दुकान, स्कूल जाने वालों को समय की अनुकूलता नहीं होने से पूजा पाठ से वंचित भी रहना पड़ता है।

वर्तमान के सर्वाधिक 215 प्रकार के विधानों के रचयिता साहित्य रत्नाकर आचार्य श्री विशद सागर जी ने वर्तमान स्थिति में समय की परिस्थिति को देखते हुए लघु विनय पाठ व पूजाओं की रचना की है। पूर्व में दशलक्षण विधान कुछ बड़ा था हमने आचार्य श्री से निवेदन किया कि दशलक्षण व्रत का उद्यापन करने वाले यदि एक ही दिन में दशलक्षण विधान करना चाहे तो उनके लिए लघु दशलक्षण विधान भी तैयार करें। बरेली में मात्र 3 घण्टे की अल्पअवधि में प्रस्तुत दशलक्षण विधान की रचना कर दी। भारी धर्म प्रभावना के साथ दश दिन तक प्रतिदिन बड़ा दशलक्षण विधान अथवा लघु दशलक्षण विधान कर अपने व्रतों का उद्यापन करें।

प्रस्तुत पुस्तक में आचार्य श्री विशद सागर जी द्वारा रचित संस्कृत पूजा एवं संस्कृत विधान का भी समावेश किया है, संस्कृत पूजा विधान की रुचि वाले दशलक्षण एवं रत्नत्रय विधान संस्कृत भाषा में करके लाभ प्राप्त कर सकते है।

प्रस्तुत विधान में अलग प्रकार से अर्घ्यों की संरचना की गई है। क्षमावाणी पर्व पर हम अपने परिवार, रिश्तेदार, समाज वालों से क्षमा माँगते हैं, परन्तु हमें सर्वप्रथम देव-शास्त्र गुरु से क्षमा माँगना चाहिए। एकेन्द्रिय आदि जीवों से भी क्षमा मांगनी चाहिए। भक्तगण पर्वराज पर्युषण में दस दिन धर्माराधना रूप में प्रस्तुत विधान पूजा करके अपने आपको धर्ममय बनाने में समर्थ होंगे। पापों का प्रक्षालन कर सातिशय पुण्यार्जन भी कर सकेंगे। पुनः गुरुवर के श्री चरणों में त्रि भक्ति पूर्वक नमोस्तु करते हुए यही भावना भाते हैं हम भी दसलक्षण धर्म की आराधना करके पूर्णता को प्राप्त करें।

मुनि विशाल सागर (संघस्थ)

दिनांक

अतिशय तीर्थक्षेत्र कम्पिला जी

दशलक्षण पूजा (संस्कृत)

उत्तम-क्षान्तिकाद्यन्त-ब्रह्मचर्य-सुलक्षणम्।
स्थापयेद्दशधा धर्म-मुत्तमं जिनभाषितम्।।1।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म! अत्र अवतर अवतर संवौषट् (आह्वाननं)। अत्र तिष्ठः तिष्ठः ठः ठः (स्थापनं)। अत्र मम सन्निहितौ भव भव षट् (सन्निधिकरणं)।।

प्रालेय-शैल-शुचि-निर्गत-चारु-तोयैः
शीतैः सुगन्ध-सहितैर्मुनि-चित्त-तुल्यैः।
संपूजयामि दशलक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय क्षमादियुक्तम्।।1।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागा-किंचन्यब्रह्मचर्यधर्मेभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीचन्दनैर्बहुल-कुङ्कुम-चन्द्र-मिश्रैः
संवास-वासित-दिशा-मुख दिव्य-संस्थैः।
संपूजयामि दशलक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय क्षमादियुक्तम्।।2।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

शालीय-शुद्ध-सरलामल-पुण्य-पुंजैः
रम्यैः-रखण्ड-शश-लांछन-रूप-तुल्यैः।।
संपूजयामि दशलक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय क्षमादियुक्तम्।।3।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मन्दार-कुन्द-बकुलोत्पल-पारिजातैः
एवं सुगन्ध-सुरभीकृतमूर्ध्वलोकैः।
संपूजयामि दशक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय क्षमादियुक्तम्।।4।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय कामबाणविध्वंसनाय निर्वपामीति स्वाहा।

अत्युतमैः षड्-रसादिक-सद्यजातैः-
नैवेद्यकैश्च परितोषित-भव्य-लोकैः।
संपूजयामि दशलक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय क्षमादियुक्तम्।।5।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा

दीपैर्विनाशित-तमोत्कररुद्ध-नेत्रैः
कर्पूर-वर्ति-ज्वलितोज्ज्वल-भाजनस्थैः।
संपूजयामि दशलक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय शमादियुक्तम्।।6।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागुरु-प्रभृति-सर्व-सुगन्ध-द्रव्यैर्-
धूपैस्तिरोहित-दिशा-मुख-दिव्य-धूम्रैः।
संपूजयामि दशलक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय शमादियुक्तम्।।7।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पूगैर्लवंग-कदली-फल-नारिकेलर्-
हृद्-घ्राण-नेत्र-सुखदैः शिव-दान-दक्षैः।
संपूजयामि दशलक्षण-धर्ममेकं
संसार-ताप-हननाय शमादियुक्तम्।।8।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

पानीय-स्वच्छ-हरि-चन्दन-पुष्प-सारैः
शालीय-तन्दुल-निवेद्य-सुचन्द्र-दीपैः।
धूपैः फला वलि विनिर्मित पुष्प गंधैः
पुष्पांजलिभिरिह धर्म महं समर्चे।।9।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मांगाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्घ्यावलि

(इन्द्र वज्रा छन्द)

येषां भ्रुवः क्षेपण मात्रतोऽपि, शक्रस्य शक्रत्व विघातनं स्यात्।
एवं विधा अप्युदित कुधार्तो, क्षमां भजन्ते ननु तान्नमामि।।1।।

ॐ ह्रीं उत्तम क्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

न जाति लाभैश्यविदंग रूप, मदाः कदाचिज्जननं प्रयांति।
येषां मृदिम्ना गुरुणार्द्र चित्ताः, ये दद्युरीशाः स्तवनाच्छिवं मे।।2।।

ॐ ह्रीं उत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मनोवचः काय कदम्बकानां, समानता यस्य समस्ति लक्ष्म।
तमार्जवं सन्तत-मर्जनीयं, यतीन्द्र पूज्यं परिपूजयामः।।3।।

ॐ ह्रीं उत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

न लोभ रक्षोऽभ्युदयो न तृष्णा, गृद्धी पिशाच्यौ सविधं सदेतः।
तस्माच्छुचित्वात्म विभा चकास्ति, येषां न पावस्थल-महं नमामि।।4।।

ॐ ह्रीं उत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सत्यं वचः सिद्धि कराः त्रिलोके, भूतः भवन्ता किल भाविनश्च।
तीर्थेश सर्वे हत मोह तन्द्राः, सत्यं वचः विशदं कत्थमाने।।5।।

ॐ ह्रीं उत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भवाटवी भीत भवि व्रजस्य, विमुक्ति पर्याप्ति समुत्सुकस्य।
सुनिर्भया विभ्रम हेतवो जे, सत् संयमायत् शिव सौख्यकारिं।।6।।

ॐ ह्रीं उत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तपः परं सिद्धि कराः त्रिलोक्ये, देवेन्द्र नागेन्द्र नरेन्द्र पूज्याः।
चिंतामणीव स्व हितैषणां च, सौख्यालया धर्म धुरं दधाना।।7।।

ॐ ह्रीं उत्तम तप धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समस्त जन्तुष्वभयं परार्थ, संपत्करी ज्ञान सुदत्तिरिष्टा।
धर्मौषधीशा अपि ते मुनीशास्-त्यागेश्वरा द्रान्तु मनोमलानि।।8।।

ॐ ह्रीं उत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दुर्वार कर्मास्त्रव-वारणं यत्, संसाधनं दुर्जय निर्जरायाः।
तदत्र मूर्च्छा विलयैक रूपं, महाव्रतं संतत-माश्रयामि।।9।।

ॐ ह्रीं उत्तम आकिंचन्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ये ब्रह्मचर्येण युता भवन्ति, भवन्ति ते नाग-नरेन्द्र मान्याः।
योगीन्द्र वन्द्यं सरणिं शिवस्य, नमामि तद्धर्म धरापतिं तम्।।10।।

ॐ ह्रीं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(अनुष्टुप छन्द)

धर्मो गुरुश्च मित्रं च, धर्मः स्वामी च बांधवः।
अनाथ-वत्सलः सोऽयं, स त्राता कारणं बिना।।11।।

ॐ ह्रीं दशलक्षण धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समुच्चय जयमाला

इय काऊण णिज्जरं, जे हणंति भवपिंजरं।
णीरोयं अजरामरं, ते लहंति सुक्खं परं।।1।।

(धोदक छन्द)

जेण मोक्ख-फलु तं पाविज्जइ,
सो धम्मंगो एहहु किज्जइ।
खयय खमायलु तुंगय देहउ,
मद्दउ पल्लउ अज्जउ साहउ।।2।।
सच्च सउच्च मूल संजमु दलु,
दुविह महातव णव-कुसुमाउलु।
चउविह चाउ पसारिय परिमलु,
पीणिय-भव्वलोय-छप्पयउलु।।3।।
दिय-संदोह-सद्द-कयकलयलु,
सुर-णरवर-खेयर सुह सय फलु।
दीणाणाह-दीह-सम-णिग्गहु,
सुद्ध-सोम-तणुमत्तु परिग्गहु।।4।।
वंभचेरु छायाइं सुहासिउ,
रायहंस-णियरेहिं समासिउ।
एहउ थम्म-रुक्खु लक्खिज्जइ,
जीवदया बहुविधि पालिज्जई।।5।।
झाण-ट्ठाणु भल्लारउ किज्जइ,
मिच्छामयहं पबेसु ण दिज्जइ।
सील-सलिलधारहिं सिंचिज्जइ,
एम पयत्ते बड्ढारिज्जइ।।6।।

(घत्ता छन्द)

कोहाणलु चुक्कउ, होउ गुरुक्कउ,
जाइ रिसिंदहिं सिट्ठइं।
जगताइं सुहंकरु, धम्म-महातरु,
देह फलाइं सुमिट्ठइं।।7।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

संसार सागरोत्तीर्णं, मोक्ष सौख्य पदप्रदम्।
नमामि 'विशदः' धर्मं, पुष्पांजलिं ततः क्षिपेत्।।

(इत्याशीर्वादः)

दश लक्षण मण्डल विधान स्तवन

वृषभादी चौबीस जिनेश्वर, भरत क्षेत्र में हुए महान्।
अनन्त चतुष्टय पाने वाले, 'विशद' पुण्य के रहे निधान।।
उत्तम क्षमा आदि धर्मों का, कथन किए जो मंगलकार।
सुर नर मुनि सब वन्दन करते, जिनके चरणों बारम्बार।।

दोहा - दश लक्षण शुभ धर्म के, होते महिमावन्त।
काल अनादी जो रहे, जिनका आदि न अन्त।।
भव रोगों के नाश को, औषधि है मनहार।
व्रत करके दश धर्म का, मिलता भव से पार।।
भव सागर के पार को, नौका रहे महान्।
भव सुख हेतू कल्पतरु, देते पद निर्वाण।।

(गीता छन्द)

मनरूप मर्कट को विशद यह, श्रेष्ठ बन्धन जानिए।
गज इन्द्रियों को सिंह जैसा, मोह तम रवि मानिए।।
है स्वर्ग की सीढ़ी मनोहर, व्रत सु मंगलकार है।
करता जगत कल्याण अपना, व्रत धरम का सार है।।

(बेसरी)

दश लक्षण व्रत करने वाले, जग में होते लोग निराले।
साधर्मी वह लोग कहाते, जो सम्मान सभी से पाते।।
सुख शांती आनन्द प्रदाता, जैन धर्म है जग का त्राता।
सुर नर महिमा जिसकी गावें, व्रत धारण करके हर्षावें।।

दोहा - दश प्रकार का धर्म यह, कल्पतरू दश जान।
इच्छित फल दायक विशद, जग में रहे महान्।।
धर्म जीव का ताज है, धर्म हमारा नाथ।
यही भावना है मेरी, भव-भव में हो साथ।।

सोरठा - महिमा मयी महान, धर्म लोक में है 'विशद'।
है शिव का सोपान, पाके पाएँ सिद्ध पद।।

दशलक्षण स्तवन

(अनुष्टुप छन्द)

ऐनकेनेऽपि दुष्टेन, पीडिते - नऽपि कुत्रचित्।
क्षमा त्याज्यान भव्येन, स्वर्ग मोक्षाभिलाशिणा।। 1।।
मृदुत्त्वं सर्व भूदेषु, कार्यं जीवेन सर्वदा।
काठिन्यं त्यज्यते नित्यं, धर्म बुद्धि विजानता।। 2।।
आर्यत्त्व क्रियते सम्यक्, दुष्ट बुद्धिश्च त्यज्यते।
पाप चिंता ना कर्त्तव्या, श्रावकै-र्धर्म चिन्तकैः।। 3।।
बाह्याभ्यन्तरश्चापि मनो-वाक्काय शुद्धिभिः।
सुचित्तेण सदा भव्यं, पाप भीतैः सु श्रावकैः।। 4।।
असत्यं सर्वथा त्याज्यं, दुष्ट वाक्यं च सर्वथा।
पर निंदा ना कर्त्तव्या, भव्येनापि च सर्वदा।। 5।।
संयमं द्विविधं लोके, कथितं मुनि पुंगवैः।
पालनीयं पुनश्चित्ते, भव्य जीवेन सर्वदा।। 6।।
द्वादशं द्विविधं लोके, बाह्याभ्यंतर भेदतः।
स्वयं शक्ति प्रमाणेन, क्रियते धर्म वेदिभिः।। 7।।
चतुर्विधाय संघाय, दानं चैव चतुर्विधं।
दातव्या सर्वदा सद्भिः, चिन्तकैः पारलौकिकैः।।8।।
चतुर्विंशति संख्यातो, यो परिग्रह ईरितः।
तस्य संख्या प्रकर्तव्या तृष्णा रहित चेतसः।। 9।।
नवधा सर्वदा पाल्यं, शीलं संतोष धारिभिः।
भेदाभेदेन संयुक्तं, सद् गुरुणां प्रसादतः।। 10।।

धर्मेण भोगाः सुलभा नराणां।
धर्मेण तिष्ठन्ति यशांसि लोके।।
धर्मेण बन्ध्वा रिपवो भवन्ति।
तस्मात् सुधर्मं 'विशदं' नमामि।।11।।

दशलक्षण विधान पूजा

स्थापना

उत्तमक्षमा मार्दव आर्जव, शौच सत्य संयम तप त्याग।
आकिञ्चन ब्रह्मचर्य धर्मदश, धारण से साता अनुभाग।।
प्राप्त करें इस जग के प्राणी, क्रमशः पाएँ शिव सोपान।
प्रभु पद में दश धर्मों का हम, भाव सहित करते आह्वान्।।
दोहा - आह्वानन् स्थापना, सन्निधिकरण विशेष।
करते हैं हम भाव से, तव पद श्री जिनेश।।

ॐ ह्रीं उत्तम क्षमा मार्दवार्जव शौच सत्य संयम तप त्यागाकिंचन्य ब्रह्मचर्येति दशलक्षण धर्म! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम् सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

तर्ज- हे वीर तुम्हारे... (शम्भू छन्द)

इन्द्रियों के विषयों की आशा, हम पूर्ण नहीं कर पाए हैं।
हे नाथ! अतीन्द्रिय सुख पाने, यह नीर चढ़ाने लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।1।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।

भव के भोगों में फसें रहे, हम मुक्त नहीं हो पाए हैं।
मुक्ती पाने भव आतप से, चन्दन घिस कर यह लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।2।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।

भटके हैं तीनों लोको में, पर स्व पद हम न पाए हैं।
अक्षय पद पाने हेतू यह, अक्षय अक्षत हम लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।3।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो अक्षयपद प्राप्ताय अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

पीड़ित हो काम व्यथा से कई, हम जन्म गँवाते आए हैं।
हो काम वासना नाश प्रभो!, हम पुष्प चढ़ाने लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।4।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

हम क्षुधा वेदना से व्याकुल, भव-भव में होते आए हैं।
अब क्षुधा व्याधि के नाश हेतु, नैवेद्य चढ़ाने लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।5।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

मोहित करता है मोहकर्म, हम उससे नाथ! सताए हैं।
अब नाश हेतु इस शत्रू के, यह दीप जलाने लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।6।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

हम अष्ट कर्म के बन्धन में, बँधकर जग में भटकाए हैं।
अब नाश हेतु उन कर्मों के, यह धूप जलाने लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।7।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो अष्टकर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल हैं कितने सारे जग में, गिनती भी न कर पाए हैं।
वह त्याग मोक्षफल पाने को, यह फल अर्पण को लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।8।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो मोक्षफल प्राप्ताय फलं निव. स्वाहा।

संसार वास दुखकारी है, अब इससे हम घबराए हैं।
पाने अनर्घ्य पद नाथ! परम, यह अर्घ्य चढ़ाने लाए हैं।।
पूजा करके दशलक्षण की, प्रभु पद में शीश झुकाते हैं।
दश धर्मों को पा जाएँ हम, यह विशद भावना भाते हैं।।9।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो अनर्घपद प्राप्ताय अर्घ्यं निव. स्वाहा।

दोहा - जल स्वभाव शीतल रहा, ताप शीत से हीन।
जल धारा देते यहाँ, होंय कर्म सब क्षीण।।

शान्तये शांतिधारा

दोहा - पुष्प सुगन्धीवान हों, साथ रही मकरंद।
पुष्पांजलि करते यहाँ, होंय कर्म सब अन्त।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

जयमाला

दोहा - धर्म कहे दशलक्षणी, पावन परम त्रिकाल।
पाने को गाते यहाँ, जिनकी हम जयमाल।।

(ज्ञानोदय छंद)

उत्तम क्षमा धर्म है भाई, भवि जीवों को करुणाकार।
क्षमाधर्म के धारी होते, करते हैं स्व-पर उपकार।।
मार्दव धर्म धारने वाले, विनय भाव करते सम्प्राप्त।
विनय सम्पन्न भावना एवं, विनय सुतप धर करते प्राप्त।।1।।
आर्जव धर्म प्राप्त करते हों, सरल भाव जिनके शुभकार।
योग रोध करने वाले हों, अतिशय भव सिन्धू से पार।।
शौच धर्म निर्मलता कारी, भवि जीवों को करे विशुद्ध।
शौच धर्म से हो जाती है, चित् स्वरूप यह आतम शुद्ध।।2।।
सत्य धर्म की महिमा अनुपम, धारण करते हैं जो जीव।
जिसके फल से जग के प्राणी, पुण्य प्राप्त शुभ करें अतीव।।
संयम धारण करके कर्मों, का संवर हो महति महान।
गुप्ति समिति धर्मानुप्रेक्षा, परिषह जय धर चारितवान।।3।।
द्वादश तप से कर्म निर्जरा, करते हैं पावन ऋषिराज।
अनुक्रम से फिर प्राप्त करें वे, अतिशय मोक्ष महल का ताज।।
बाह्याभ्यन्तर रहा परिग्रह, मुनिवर करते हैं परित्याग।
रमण करें निज चेतन रस में, धर्म प्राप्त करते हैं त्याग।।4।।
आकिञ्चन्य धर्म के धारी, किञ्चित भी न रखते राग।
मोक्ष मार्ग के राही बनते, मन में धारण करें विराग।।
निज स्वरूप में रमने वाले, ब्रह्मचर्य व्रत धरें प्रधान।
उत्तम ब्रह्मचर्य व्रतधारी, पावें पद पावन निर्वाण।।5।।

दोहा - दशधर्मों को धारकर, पाएँ शिव सोपान।
कर्म नाशकर के विशद, पावें पद निर्वाण।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा मार्दवार्जव शौच सत्य संयम तपस्त्यागाकिंचन्य ब्रह्मचर्य दशलक्षण धर्मेभ्यो नमः जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा - महिमा श्री जिनधर्म की, जग में रही महान।
धर्म धार कर जीव शुभ, प्राप्त करें निर्वाण।।

।। इत्याशीर्वादः (पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत)।।

दशलक्षण विधान की अर्घ्यावली

दोहा - उत्तम क्षमादि धर्म दश, शिव पद के सोपान।
पुष्पांजलि करते विशद, करने जिन गुणगान।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपामि

उत्तम क्षमा धर्म के अर्घ्य

(ज्ञानोदय छन्द)

निन्दा की जिन-जिन प्रतिमा की, खण्डित कर अपमान किया।
क्षमा होय अपराध अंजना, सम जो मैने पाप किया।। 1।।

ॐ ह्रीं श्री जिनेन्द्र देवं प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

दण्डक या राजा श्रेणिक सम, मुनियों को जो कष्ट दिया।
क्षमा चाहते सह धर्मी से, कभी क्रोध का भाव किया।।2।।

ॐ ह्रीं निर्ग्रन्थ गुरुं प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

पूर्वभवों में शिवभूति मुनि, ज्ञानावरण जो बाँध लिया।
क्षमा चाहते ज्ञान में कोई, बाधा कारी कार्य किया।।3।।

ॐ ह्रीं श्री जिनागमं प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

राग द्वेष से स्वजन परिजन, से कोई भी व्यंग्य किया।
क्षमा होय अपराध हमारा, कोई किसी को दुःख दिया।।4।।

ॐ ह्रीं बन्धु बान्धवं प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

भू जल अग्नी वायु वनस्पति, स्थावर यह कहलाए।
क्षमा करें स्थावर सारे, हमसे जो कोई दुख पाए।।5।।

ॐ ह्रीं पंचस्थावर प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

विकल जीव द्वय त्रिचउ इन्द्री, पंचेन्द्रिय जो भी गाए।
क्षमा चाहते उनसे कोई, जो भी हमसे दुख पाए।।6।।

ॐ ह्रीं विकलत्रयं प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

बादर सूक्ष्म रहे जो प्राणी, हमसे कोई दुख पाए।
क्षमा करें वे प्राणी सारे, मन में कोई अकुलाए।।7।।

ॐ ह्रीं सूक्ष्म बादर जीवं प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

करते क्षमा सभी जीवों को, हमको भी सब क्षमा करें।
क्षमा धर्म है शिव का साधक, सभी हृदय से क्षमा धरें।।8।।

ॐ ह्रीं सर्वशत्रु वर्गं प्रति कृतापराध निराकरणाय उत्तमक्षमा धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्व.।

उत्तम मार्दव धर्म के अर्घ्य

चौपाई

ज्ञान का मद जो करते प्राणी, वे हो जाते हैं अज्ञानी।
ज्ञानावरण कर्म न पाएँ, हे प्रभु! मार्दव धर्म जगाएँ।।9।।

ॐ ह्रीं ज्ञानमद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ख्याती पूजा के मदकारी, कर्म बन्ध करते हैं भारी।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।10।।

ॐ ह्रीं पूजामद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जो होते कुल के मदकारी, पाएँ कर्म बन्ध भयकारी।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।11।।

ॐ ह्रीं कुलमद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाती का मद करें कराएँ, कर्म बन्ध वह भारी पाएँ।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।12।।

ॐ ह्रीं जातिमद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बल तन का है वह क्षय जाए, बल का मद क्यों प्राणी पाए।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।13।।

ॐ ह्रीं बलमद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऋद्धि सिद्धियाँ हैं क्षयकारी, अतः बनो मद के परिहारी।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।14।।

ॐ ह्रीं ऋद्धिमद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म निर्जरा तप कर पाएँ, मद करके वंचित हो जाएँ।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।15।।

ॐ ह्रीं तपमद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अस्थिर जड़ यह देह बताई, मद फिर किसका करते भाई।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।16।।

ॐ ह्रीं वपुषामद रहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

परमेष्ठी जिनगृह जिनवाणी, जैन धर्म प्रतिमा कल्याणी।
हे प्रभु! यह मद ना हम पाएँ, मन में मार्दव धर्म जगाएँ।।17।।

ॐ ह्रीं विनयगुण सहितोत्तम मार्दव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम आर्जव धर्म के अर्घ्य

(नरेन्द्र छन्द)

मिथ्यात्वी अनन्तानुबन्धी, करते मायाचारी।
सरल भाव पाए सम्यक्त्वी, हो आर्जव का धारी।।18।।

ॐ ह्रीं अनन्तानुबंधी माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अप्रत्याख्यान कषायोदय में, देशव्रती ना होवे।
आर्जव धर्म जगाए जो नर, मायाचारी खोवे।।19।।

ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानावरण माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रत्याख्यान कषायोदय में, संयम ना धर पावे।
उत्तम आर्जव धर्म का धारी, संयम भाव जगावे।।20।।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावरण माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

संज्वलन होय उदय में माया, यथाख्यात ना पावे।
आर्जव धर्म का धारी होकर, केवल ज्ञान जगावे।।21।।

ॐ ह्रीं संज्वलन माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन पूजा में मायाचारी, करके स्वयं कराए।
मोक्ष मार्ग में कारण है वह, पुण्य जीव ना पाए।।22।।

ॐ ह्रीं जिन पूजादौ कृत माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवाणी के पठन श्रवण में, मायाचार दिखावे।
आर्जव धर्म रहित हो भारी, कर्म बन्ध ही पावें।।23।।

ॐ ह्रीं जिनागमार्थादौ कृत माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वार्थ के वश हो ऋषि मुनियों में, भेद किया करवाया।
आर्जव धर्म जगा न मन में, मायाचार दिखाया।।24।।

ॐ ह्रीं गुरुवर सेवादौ कृत माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अतिशय तीर्थ क्षेत्र की यात्रा, में की मायाचारी।
कुटिल भाव से किए बहाने, आर्जव धर्म निवारी।।25।।

ॐ ह्रीं तीर्थ क्षेत्रादौ कृत माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिद्ध क्षेत्र का किया बहाना, करके शैर कराए।
फिरे भटकते माया करके, आर्जव धर्म ना पाए।।26।।

ॐ ह्रीं सिद्ध क्षेत्रादौ कृत माया रहितोत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम शौच धर्म के अर्घ्य

(चाल छन्द)

चक्री पद में ललचाए, सब धर्म कर्म विसराए।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।27।।

ॐ ह्रीं चक्रवर्ति पद सुखवाञ्छा रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नारायण पद के धारी, की मन में वाँछा भारी।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।28।।

ॐ ह्रीं नारायण प्रतिनारायण पद सुखवाञ्छा रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

धन वैभव यश की भाई, मन में बहु आस लगाई।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।29।।

ॐ ह्रीं धन वैभव यशवाञ्छा रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

परलोक सौख्य की भारी, आकांक्षा की मनहारी।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।30।।

ॐ ह्रीं परलौक सुखवाञ्छा रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचेन्द्रिय विषय कहाएँ, आशा जिनकी उपजाएँ।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।31।।

ॐ ह्रीं पंचेन्द्रिय विषय भोगवाञ्छा रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वजन में राग बढ़ाए, हम उनसे ठगे ठगाए।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।32।।

ॐ ह्रीं बन्धु बान्धव भमत्व रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जीवन की इच्छा पाई, या मरण की मन में आई।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।33।।

ॐ ह्रीं जीवन मरणाकांक्षा रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

निज देह सुखों की भाई, इच्छा बहु मन में पाई।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।34।।

ॐ ह्रीं शरीर सुखवाञ्छा रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तन मन धन की आशाएँ, जग के प्राणी सब पाएँ।
मन में सन्तोष जगाएँ, निज शौच धर्म प्रगटाएँ।।35।।

ॐ ह्रीं सर्वाशुचिता रहितोत्तम शौच धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम सत्य धर्म के अर्घ्य

(चौपाई छन्द)

क्रोध भाव मन में जब आया, सत्य नहीं स्वीकार कराया।
क्रोध कषाय पूर्ण विनशाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।36।।

ॐ ह्रीं क्रोध कषाय रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लोभ हृदय में जब आ जाए, सत्य धर्म ना प्राणी पाए।
लोभ कषाय पूर्ण विनशाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।37।।

ॐ ह्रीं लोभ कषाय रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिसके हृदय में भय छा जाए, सत्य धर्म ना वह भी पाए।
भय को हम भी पूर्ण नशाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।38।।

ॐ ह्रीं भय नो कषाय रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हास्य उदय में जिसके आए, सत्य धर्म ना प्राणी पाए।
हास्य हृदय से पूर्ण विनशाए, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।39।।

ॐ ह्रीं हास्य नो कषाय रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सत्य कही है आगमवाणी, जो है जग जन की कल्याणी।
अनुवीची भाषण हम पाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।40।।

ॐ ह्रीं अनुवीचित भाषण रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सत् को कहकर असत् बताया, सत्य नहीं मन मेरे आया।
असत् प्रलाप पूर्ण विनसाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।41।।

ॐ ह्रीं सत प्रलाप रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

असत् वस्तु को सत् बतलाया, किन्तु सत्य का किया सफाया।
असत् उद्भावन पूर्ण नशाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।42।।

ॐ ह्रीं असदुद्भावन रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अन्य वस्तु का अन्य बताया, सत्य धर्म ना हमने पाया।
यह पर रूप कथन विनशाए, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।43।।

ॐ ह्रीं पररुप कथन रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गर्हित वचन बोलकर भाई, सत्य धर्म की करी सफाई।
गर्हित वचन पूर्ण विनसाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।44।।

ॐ ह्रीं गर्हित सावद्या प्रियवचन रहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जनपदादि दश सत्य कहाए, जो व्यवहार में प्राणी लाए।
विशद सत्य जीवन में लाएँ, सत्य धर्म उर में प्रगटाएँ।।45।।

ॐ ह्रीं जनपदादि दशभेद सहितोत्तम सत्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम संयम धर्म के अर्घ्य

(दोहा)

किया पाप अर्जन सदा, हुए असंयम वान।
संयमधारी हम बनें, पाएँ पद निर्वाण।।46।।

ॐ ह्रीं असंयम रहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सामायिक संयम धरें, पाएँ समताभाव।
मुक्ती पथ की निज हृदय, जगे सदा ही चाव।।47।।

ॐ ह्रीं सामायिक संयम सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

छेदोपस्थापन किया, जगे शुभाशुभ भाव।
मुक्ती पथ की निज हृदय, जगे सदा ही चाव।।48।।

ॐ ह्रीं द्देदोपस्थापना संयम सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पापों का परिहार कर, परिहार विशुद्धी वान।
संयम धारी हो विशद, पाएँ शिव सोपान।।49।।

ॐ ह्रीं परिहार विशुद्धि संयम सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बादर सर्व कषाय का, करके प्रभु परिहार।
सूक्ष्म साम्पराय संयमी, पा होवें भव पार।।50।।

ॐ ह्रीं सूक्ष्म साम्पराय संयम सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यथाख्यात संयम विशद, जग में रहा महान।
पाके शिव पथ पर चलें, पाए केवल ज्ञान।।51।।

ॐ ह्रीं यथाख्यात संयम सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्रिय निज वश में करें, इन्द्रिय संयमवान।
होकर निज में हो रमण, करें आत्म का ध्यान।।52।।

ॐ ह्रीं इन्द्रिय संयम सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

त्रस स्थावर जीव के, होके रक्षाकार।
संयम पालन हम करें, करने निज उद्धार।।53।।

ॐ ह्रीं त्रसजीव रक्षा सहित प्राणी सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मन मर्कट वश में करें, होके संयमवान।
तभी होयगा जीव का, निज आतम कल्याण।।54।।

ॐ ह्रीं अनिन्द्रिय संयम सहितोत्तम संयम धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम तप धर्म के अर्घ्य

(चाल छन्द)

ऋषि अनशन तप के धारी, होते भोजन परिहारी।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।55।।

ॐ ह्रीं अनशन तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इच्छा से कम ऋषि खावें, वे ऊनोदरी कहावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।56।।

ॐ ह्रीं अवमौदर्य तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

व्रत परिसंख्यान जो पावें, गणना कर वस्तू खावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।57।।

ॐ ह्रीं वृति परिसंख्यान तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऋषि गाए रस परित्यागी, सम्यक् तप धर बड़भागी।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।58।।

ॐ ह्रीं रस परित्याग तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तप विविक्त शैय्यासन पावें, वे समता भाव जगावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।59।।

ॐ ह्रीं विविक्त शय्यासन तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तप काय क्लेश जो पावें, ना तन में राग लगावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।60।।

ॐ ह्रीं काय क्लेश तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रायश्चित्त सुतप ऋषि पावें, अपने सब दोष नशावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।61।।

ॐ ह्रीं प्रायश्चित तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऋषि विनय सुतप अपनावें, लघुता के भाव जगावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।62।।

ॐ ह्रीं विनय तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वैय्यावृत्ती तप धारी, ऋषियों के कष्ट निवारी।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।63।।

ॐ ह्रीं वैय्यावृत्ती तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वाध्याय सुतप जो पावें, निज सम्यक् ज्ञान बढ़ावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।64।।

ॐ ह्रीं स्वाध्याय तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ऋषि काय से राग घटावें, व्युत्सर्ग ध्यान शुभ पावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।65।।

ॐ ह्रीं व्युत्सर्ग तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

निज आतम में रम जावें, ऋषि ध्यान सुतप प्रगटावें।
जो सम्यक् तप अपनाएँ, वे जगत पूज्यता पाएँ।।66।।

ॐ ह्रीं ध्यान तप युक्तोत्तम तपो धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उत्तम त्याग धर्म के अर्घ्य

(मोतियादाम छन्द)

करे बाह्य क्षेत्र वस्तु का त्याग, धर्म से है जिसको अनुराग।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।67।।

ॐ ह्रीं क्षेत्रवास्तु आदि बाह्य परिग्रह रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

रजत स्वर्णादिक का परिहार, बने शिव का राही अनगार।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।68।।

ॐ ह्रीं हिरण्य सुवर्णादि बाह्य परिग्रह रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

छोड़ धन धान्य आदि से राग, धार के मन में परम विराग।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।69।।

ॐ ह्रीं धन धान्यादि बाह्य परिग्रह रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

दास दासी का छोड़े मोह, होय जो तन मन से निर्मोह।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।70।।

ॐ ह्रीं दासीदासादि बाह्य परिग्रह रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

कुप्य भाण्डादिक की तज चाह, करे निज आतम में अवगाह।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।71।।

ॐ ह्रीं कुप्य भांडादिक बाह्य परिग्रह रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

परिग्रह चेतन स्वजन विशेष, राग उनसे भी तजे अशेष।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।72।।

ॐ ह्रीं चेतन परिग्रह रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

परिग्रह रहा अचेतन वान, तजे जो है पावन विद्वान।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।73।।

ॐ ह्रीं अचेतन परिग्रह रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

करें अघ राग द्वेष परिहार, नशाते मन के सर्व विकार।
प्राप्त करके वह शिव सोपान, करे जो विशद स्वपर कल्याण।।74।।

ॐ ह्रीं राग द्वेष रहितोत्तम त्याग धर्मांगाय नमः अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

उत्तम आकिंचन धर्म के अर्घ्य

(वेसरी छन्द)

आठ विषय स्पर्श के गाए, विशद शुभाशुभ जो कहलाए।
उन विषयों में समता पाएँ, आकिञ्चन निज धर्म जगाएँ।।75।।

ॐ ह्रीं स्पर्शनेन्द्रिय मनोज्ञामनोज्ञ विषय रहितोत्तम आकिंचन धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

पंच विषय रसना के जानो, रहे शुभाशुभ जो यह मानो।
उन विषयों में समता पाएँ, आकिञ्चन निज धर्म जगाएँ।।76।।

ॐ ह्रीं रसनेन्द्रिय मनोज्ञामनोज्ञ विषय रहितोत्तम आकिंचन धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

घ्राणेन्द्रिय के विषय दो गाए, जो सुगन्ध दुर्गन्ध कहाए।
उन विषयों में समता पाएँ, आकिञ्चन निज धर्म जगाएँ।।77।।

ॐ ह्रीं घ्राणेन्द्रिय मनोज्ञामनोज्ञ विषय रहितोत्तम आकिंचन धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

पंच वर्ण के भेद कहाए, चक्षू के जो विषय बताए।
उन विषयों में समता पाएँ, आकिञ्चन निज धर्म जगाएँ।।78।।

ॐ ह्रीं चक्षुरिन्द्रिय मनोज्ञामनोज्ञ विषय रहितोत्तम आकिंचन धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

शब्द शुभाशुभ जो भी गाए, कर्णेन्द्रिय के विषय बताए।
उन विषयों में समता पाएँ, आकिञ्चन निज धर्म जगाएँ।।79।।

ॐ ह्रीं कर्णेन्द्रिय मनोज्ञामनोज्ञ विषय रहितोत्तम आकिंचन धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

जन्म अकेला प्राणी पाए, मरके जीव अकेला जाए।
भाव एकत्व हृदय में आए, आकिञ्चन निज धर्म जगाए।।80।।

ॐ ह्रीं एकत्व भावना सहितोत्तम आकिंचन धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

भिन्न-भिन्न तन चेतन गाएँ, जड़ पदार्थ निज कैसे पाए।
ऐसा मन में भाव जगाएँ, आकिञ्चन निज धर्म जगाए।।81।।

ॐ ह्रीं सर्वपदार्थ ममत्व रहितोत्तम आकिंचन धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के अर्घ्य

(मोतियादाम छन्द)

कथा स्त्री की राग बढ़ाय, मुक्त उससे भी जो हो जाय।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।82।।

ॐ ह्रीं स्त्रीराग कथा श्रवण रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

अंग स्त्री के जो मनहार, करे इसका भी जो परिहार।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।83।।

ॐ ह्रीं स्त्री मनोहरांग निरीक्षण रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

पूर्व में भोगे जो भी भोग, करे स्मृति का पूर्ण वियोग।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।84।।

ॐ ह्रीं पूर्वरतानुस्मरण रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

असन वृष इष्ट करे परिहार, संयमी मन में समताधार।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।85।।

ॐ ह्रीं वृष्येष्ट रस रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

करे ना निज तन का संस्कार, करे चेतन का स्वयं विचार।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।86।।

ॐ ह्रीं स्वशरीर संस्कार रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

काय स्पर्शादिक प्रविचार, करे इनका भी जो परिहार।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।87।।

ॐ ह्रीं काय स्पर्शरूप शब्द मनःप्रवीचार रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

रहे दश विध मैथुन से दूर, रहे चेतन रस में भरपूर।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।88।।

ॐ ह्रीं दस विध मैथुन रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

करे दश विध अब्रह्म परिहार, बने साधू पावन अनगार।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।89।।

ॐ ह्रीं दश विध अब्रह्म हेतु रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

ब्रह्मचर्य प्रतिपालक शुभकार, पंच हेतू करके परिहार।
ब्रह्मचर्य धारी वह कहलाय, विशद वह मोक्ष महापद पाय।।90।।

ॐ ह्रीं ब्रह्मचर्य प्रतिपालक पंच हेतु रहितोत्तम ब्रह्मचर्य धर्मांगाय नमः अर्घ्यं नि.स्वाहा।

पूर्णार्घ्यं (ज्ञानोदय छन्द)

उत्तम क्षमा आदि धर्मों के, धारी होते हैं अनगार।
मोक्षमार्ग के राही बनकर, करते पापों का परिहार।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा मार्दवार्जव शौच सत्य संयम तपस्त्यागाकिंचन्य ब्रह्मचर्य दशलक्षण धर्मेभ्यो नमः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप्य - ॐ ह्रीं उत्तम क्षमादि दसलक्षण धर्मेभ्यो नमः।

समुच्चय जयमाला

दोहा - विशद कहे दश धर्म यह, शिव पद के सोपान।
भाव सहित जो भी चढ़ें, पावें पद निर्वाण।।

(चाल छन्द)

जो क्रोध करे अज्ञानी, वह स्वयं उठाए हानी।
जो मन में वैर जगाए, भव-भव में भ्रमण कराए।।1।।
है क्षमा धर्म शुभकारी, जीवों को मंगलकारी।
हो क्षमा धर्म का धारी, हो जाए शिव मगचारी।।2।।
इस जग में जो हैं मानी, वे कहलाएँ अज्ञानी।
जो निज को उच्च बताए, वह नीच गती को पाए।।3।।
हो मार्दव धर्म का धारी, सद् विनय शील मनहारी।
निज मृदु भावों को पाए, उत्तम गति में वह जाए।।4।।
जो करते मायाचारी, वे होंय भ्रष्ट आचारी।
वे कुटिल योग के धारी, दुख सहें जिन्दगी सारी।।5।।
जो आर्जव भाव जगाएँ, वे सरल भाव प्रगटाएँ।
हो आर्जव धर्म के धारी, सब राग द्वेष परिहारी।।6।।
मन में जो लोभ जगाते, वे कर्म बन्ध को पाते।
जो बाप पाप का गाया, जिसकी है दुखकर छाया।।7।।
हों शौच धर्म के धारी, पावन मुनिवर अनगारी।
मन में संतोष जगाएँ, वे शिवपुर धाम बनाएँ।।8।।

कह असत् वचन बकवादी, कटु बोले स्वयं प्रमादी।
जो बोलें वचन विवादी, दुख सहें बहुत उन्मादी।।9।।
जो सत्य धर्म को धारें, वे बोलें वचन विचारें।
हो सत्य धर्म का धारी, मुक्ती पथ का अधिकारी।।10।।
हो इन्द्रिय मन का रागी, अविरति धर्म का त्यागी।
जीवों का हिंसाकारी, होवे अविरति का धारी।।11।।
जो संयम भाव जगाए, वह संयम धर्म को पाए।
मन इन्द्रिय विजय कराए, शिव का राही बन जाए।।12।।
बाह्य अभ्यन्तर तप गाए, जो मन में लगन लगाए।
वह कर्म निर्जरा पाए, इस भव से मुक्ती पाए।।13।।
जो है उत्तम तप धारी, ऋषिवर पावन अनगारी।
वह केवल ज्ञान जगाए, फिर मोक्ष लक्ष्मी पाए।।14।।
है राग आग सम भाई, जीवों को बहु दुखदायी।
जो मन में राग जगाए, वह चिंता में जल पाए।।15।।
जो त्याग धर्म अपनाए, वह परम शांति को पाए।
वह अपने कर्म नशाए, निज चेतन में रम जाए।।16।।
जो किञ्चित राग लगाए, वह मोक्ष नहीं जा पाए।
वह बारम्बार भ्रमाए, अपना संसार बढ़ाए।।17।।
है धर्म आकिन्चन भाई, नित उभय लोक सुखदायी।
जो आकिन्चन को पाए, निश्चय शिव सुख प्रगटाए।।18।।
है भोग रोग सम भाई, जो उभय लोक दुखदायी।
तन मन को सदा लुभाए, भव कीच में सदा फसाए।।19।।
जो ब्रह्मचर्य अपनाए, वह निज गुण में रम जाए।
निज आतम धर्म जगाए, फिर मोक्ष महाफल पाए।।20।।
है धर्म की महिमा भारी, जो होते धर्म के धारी।
वे जग में पूजे जाते, फिर सिद्ध सदन को पाते।।21।।

दोहा - महिमा श्री जिन धर्म की, गाई अपरम्पार।
'विशद' धर्म को प्राप्त कर, पाएँ शिव का द्वार।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा मार्दवार्जव शौच सत्य संयम तपस्त्यागाकिंचन्य ब्रह्मचर्य दशलक्षण धर्मेभ्यो नमः जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा - धारण कर दश धर्म शुभ, पाना शिव सोपान।
राही बन शिव के 'विशद', करना निज कल्याण।।

(इत्याशीर्वाद)

दशलक्षण भावना

तर्ज - यह भावना हमारी, प्रभु दर्श तेरे पाँऊ.....

उत्तम क्षमादि पावन, दश धर्म ये कहाएँ।
धारे हृदय जो अपने, वे जीव मोक्ष पाएँ।।
ये भावना, मेरी भावना-2।। टेक।।
है क्रोध दुःखदायी, अति बैर जो बढ़ाएँ।
यह भावना हमारी, उत्तम क्षमा को पाएँ-2।। ये भावना...।। 1।।
जो मान करें प्राणी, नीचा दिखाएँ सबको।
मार्दव धरम को पाके, मृदुता हृदय जगाएँ-2।। ये भावना...।। 2।।
जो करते मायाचारी, स्व पर के होते घाती।
आर्जव धरम के धारी, ऋजुता हृदय जगाएँ-2।। ये भावना...।। 3।।
जो लोभ के वशी हो, सुख चैन पर का हरते।
